दिन– रविवार दिनांक– 26 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी में आज अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। श्री मोदी ने करगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को याद करते हुए कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है और हर भारतीय को गर्व से भर देता है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशवासियों से अपील की कि वे एक सुरक्षित, सक्षम और आत्म–निर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कैच द रेन विशेष अभियान चार जुलाई से पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसके तहत वर्षा जल संचयन, भू–जल पुनर्भरण और जलाशयों तथा बागानों के जीर्णोद्धार को नई गति मिल रही है। श्री मोदी ने इस अभियान में गांव और शहरों से लेकर पंचायतों और सामाजिक संगठनों तक की जबरदस्त भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पुराने तलाबों से गाद हटाई जा रही है और कुओं तथा बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अब भू–जल पुनर्भरण के लिए बोरवेल का उपयोग नही किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का कचरा प्रकृति के लिए नुकसानदेह बना हुआ है। उन्होंने प्लास्टिक के उचित निस्तारण पर बल दिया। श्री मोदी ने बिहार के सीतामढ़ी में, कचरे से कंचन का एक उदाहरण दिया जहां कचरे को दोबारा उपयोग करके सुंदर बेंच बनाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सात अगस्त को देशभर में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि देश में जिस तरह से हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है। पोचमपल्ली से पटना तक और कुथमपल्ली से कच्छ तक इसके कई उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने खादी का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में खादी की बिक्री छह गुना बढ़ी है। अब यह बिक्री लगभग आठ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। श्री मोदी ने लोगों से आगामी त्योहारी मौसम में खादी, हथकरघा या हस्तशिल्प से बना कम से कम एक उत्पाद खरीदने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत नायकों को याद करने का दिन होता है जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हर घर तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एकजुट किया है और इस वर्ष भी इसे पूरे उत्साह से आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने सभी से एकबार फिर 15 अगस्त से पहले मॉय गॉव पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

---

सीतामढ़ी के पूर्व सांसद और राजद के वरिष्ठ नेता अर्जुन राय ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया। श्री राय ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि वह कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे है। श्री राय ने वर्ष दो हजार में औराई से राजद प्रत्याशी के रूप में अपनी राजनीति पारी की शुरूआत की थी। बाद में वे जदयू में शामिल हो गये। दो हजार उन्नीस में उनकी राजद में वापसी हुई थी।

---

राज्य की विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता में कमी आई है। इसके कारण पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न भागों में बहुत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जहानाबाद मे सबसे अधिक चार दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं, राज्य के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल के बाद एक बार फिर मानसून के सक्रिय होने की संभावना है।

---

समाप्त